राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

बृहस्पतिवार • 30 मार्च • 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

सीबीएसई: बारहवीं एकाउंटेंसी का कठिन पेपर, छूटे पसीने

नई दिल्ली । देशभर में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के बारहवीं के कॉमर्स स्ट्रीम के परीक्षार्थियों ने एकाउंटेंसी की परीक्षा दी। परीक्षा काफी मुश्किल थी लिहाजा परीक्षा देने में परीक्षार्थियों के पसीने छूट गए। कुछ परीक्षार्थियों के पेपर में कुछ एक प्रश्न भी छूट गए। पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की सब्जेक्ट एक्सपर्ट संतोष बत्रा ने बताया कि पेपर बीते साल की तुलना में काफी मुश्किल था। उन्होंने बताया कि करीब पचास फीसद पेपर मुश्किल था।

बारहवीं का एकाउंटेंसी का पेपर कुल अस्सी अंकों का था। पेपर में एक अंक वाले आठ प्रश्न, चार अंकों वाले तीन प्रश्न, पांच अंकों वाले चार प्रश्न, छह प्रश्न चार अंकों वाले, दो प्रश्न आठ अंकों वाले आए थे। प्रश्न पत्र में कुल 23 प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षार्थी संजना, आलोक व साहिबा ने बताया कि पेपर काफी मुश्किल था। आठ अंकों वाले प्रश्न काफी मुश्किल थे। पेपर के बाद परीक्षार्थियों के चेहरे पर तनाव दिखा। सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने कहा कि एडमिशन और रिटायरमेंट से जुड़े प्रश्न मुश्किल थे। ■ एनएसबी